सीहोर जिला






नवभारत
भोपाल, रविवार, 02 अगस्त, 2026

एक नजर में



## बेडमिंटन, शतरंज क्रीड़ा प्रतियोगिता दलों का चयन

**सीहोर**. आवासीय खेलकूद संस्थान में जिला स्तरीय शालेय टेबल टेनिस, बेडमिंटन, शतरंज क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि गर्ल्स कालेज के खेल अधिकारी रवि विरहा उपस्थित थे. डीईओ शीलू शर्मा के निर्देशन एवं प्राचार्य आलोक शर्मा के मार्गदर्शन में जिला क्रीड़ा अधिकारी अताउल्लाह खान द्वारा दलों का चयन किया गया. चयनित दल संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे. प्रतियोगिता के आयोजन में माधव यादव, शैलेन्द्र चन्देल, महेन्द्र बाथम, शैलेन्द्र चौहान, जिला योग प्रभारी मनोज व्यास, हिमांशु मुकाती, मनमोहन सिंह का सहयोग रहा.



## नपाध्यक्ष ने मनाया बच्चों के साथ जन्मदिवस

**सीहोर**. शासकीय माध्यमिक शाला सरदार पटेल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रिंस विकास राठौर के साथ पार्षद प्रदीप गौतम, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, युवा नेता दिपांशु, विनय भटेले उपस्थित थे. शाला प्रभारी मनोज कुमार व्यास, संध्या भटेले, कल्पना बैरागी, रेहाना खान व नफीसा बी ने अध्यक्ष का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया. तत्पश्चात नपाध्यक्ष राठौर द्वारा छात्रों को टॉफी एवं शिक्षण सामग्री भेट की .शाला प्रभारी मनोज व्यास ने शाला में रिक्त जमीन पर सरदार पटेल वाटिका बनाने का अध्यक्ष से निवेदन किया. कार्यक्रम में सफीक, योगिता लोधी, मंजूर भाई, आलोक, राहुल राठौर सहित सभी छात्र-छात्राएं एवं कॉलोनीवासी उपस्थित थे.



## मूंग उपार्जन केंद्रों का अधिकारी कर रहे निरीक्षण

**सीहोर**. कलेक्टर बालागुरु के के निर्देशानुसार जिले में मूंग उपार्जन व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है. इसी क्रम में एसडीएम, तहसीलदार तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा विभिन्न मूंग उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है. निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्रों पर तौल व्यवस्था, स्लॉट बुकिंग, किसानों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा उपार्जन कार्य की प्रगति का परीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं. अधिकारियों द्वारा कृषि उपज मंडियों, व्यापारियों के प्रतिष्ठानों एवं वेयरहाउस का भी सघन निरीक्षण किया जा रहा है. इस दौरान मूंग के स्टॉक का सत्यापन, अभिलेखों की जांच तथा भंडारण व्यवस्था का परीक्षण किया जा रहा है.



## हजयात्रा से लौटे हाजी, उलेमाओं का किया सम्मान

**सीहोर**. प्रदेश में सरकार पूर्ण शराब बंदी लागू करे और गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करे. यह उद्गार शनिवार को कस्बा क्षेत्र स्थित दीवान बाग में आयोजित हज यात्रा से लौटे हाजियों एवं उलेमाओं के सम्मान समारोह के दौरान मुख्य अतिथि मप्र जमीयत उलेमा हिंद के सदर मुफ्ती मौलाना अहमद ने व्यक्त किए. कार्यक्रम की अध्यक्षता हाफिज चांद मियां ने की. विशेष अतिथि पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने सभी हाजियों एवं उलेमाओं को मुबारकबाद दी. जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती और बसपा के प्रदेश प्रभारी कमलेश कुमार के सहित अतिथियों के द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया. वक्फ कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद शमीम अहमद ने अतिथियों का स्वागत किया. आभार कांग्रेस नेता नायाब खान ने किया एवं संचालन कलीम पठान ने किया. कार्यक्रम में बलवीर तोमर, हफीज चौधरी, अनीस मियां, महफूज, अहमद, मोहसीन, खालिद पठान, इरशाद पहलवान, मुश्तफा अंजुम, रशीद मंसूरी, तारिक मियां, आरिफ पहलवान, खालिद अहमद, मज्जू खां, हैदर मीर, सरवर पठान, सलीम खां प्यारे, आरिफ पहलवान, खालिद अहमद, मज्जू खां, हैदर मीर, सरवर पठान, सलीम खां पूर्व पार्षद सहित अनेक उलेमा मौजूद थे.




## मेधावी विद्यार्थी एवं शिक्षक भी हुए सम्मानित

**इछावर**. शनिवार को पीएमश्री विद्यालय रामनगर में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को तथा शिक्षकों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य दिनेश मोसावत ने गुरु के महत्व को प्रतिपादित किया. इस मौके पर समस्त विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे.

# रोक के बावजूद नर्मदा का सीना कर रहे छलनी

## ग्राम टिगाली में दबिश डालकर खनिज विभाग के अमले ने रेत दोहन कर रही तीन पनडुब्बियां पकड़ीं

- तीन दिन में पांच जेसीबी, एक पोकलेन व ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी
- विभाग की कार्रवाई से रेत माफिया में मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 1 अगस्त. नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा नर्मदा नदी से रेत खनन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद भैरुंदा क्षेत्र में अवैध उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है. रेत माफिया लगातार नदी से अवैध रूप से रेत निकाल रहे हैं. इस पर शिकंजा कसते हुए खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम टिगाली स्थित नर्मदा तट से अवैध खनन में उपयोग की जा रही तीन पनडुब्बी मशीनें जब्त की हैं. पिछले तीन दिनों में खनिज विभाग द्वारा 5 जेसीबी, एक पोकलैंड मशीन और 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली पर भी कार्रवाई की जा चुकी है.**

खनिज विभाग की लगातार सख्ती के बावजूद भैरुंदा क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है. एनजीटी के स्पष्ट प्रतिबंध के बावजूद नर्मदा नदी से अवैध रूप से रेत निकाली जा रही है. इसी कड़ी में सहायक खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे के नेतृत्व में खनिज विभाग की टीम ने ग्राम टिगाली स्थित नर्मदा तट पर दबिश देकर अवैध उत्खनन में लगी तीन पनडुब्बी मशीनें जब्त कीं. कार्रवाई के बाद क्षेत्र के रेत कारोबारियों में हड़कंप मच गया.

जानकारी के अनुसार खनिज विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि प्रतिबंध के बावजूद नर्मदा नदी में पनडुब्बी मशीनों की मदद से बड़े पैमाने पर रेत निकाली जा रही है. सूचना की पुष्टि होने पर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए तीनों मशीनों को जब्त कर लिया. विभाग ने संबंधित प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है. खनिज विभाग की यह कार्रवाई किसी एक दिन तक सीमित नहीं है. पिछले तीन दिनों के भीतर विभाग ने अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाकर 5 जेसीबी मशीनों, एक पोकलेन मशीन और रेत से भरी 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली भी जब्त की हैं.



**भैरुंदा.** खनिज विभाग के अमले द्वारा नर्मदा नदी से अवैध रेत दोहन करने वाले माफिया के संसाधनों की धरपकड़ की जा रही है.

### बेखौफ रेत माफिया रेत के दोहन में लगा


एनजीटी द्वारा पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नर्मदा नदी में रेत उत्खनन पर रोक लगाई गई है. कलेक्टर बालागुरू के ने भी अवैध खनन पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं. इसके बावजूद अवैध खनन जारी रहने से नदी के प्राकृतिक स्वरूप और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है. यही कारण है कि खनिज विभाग लगातार निगरानी बढ़ाते हुए अलग-अलग स्थानों पर दबिश दे रहा है.

### विभाग की मुहिम सतत जारी रहेगी

कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार अवैध रेत उत्खनन करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा. नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति या गिरोह को बख्शा नहीं जाएगा। विभाग की टीम नियमित गश्त कर रही है और जहां भी अवैध खनन की सूचना मिलेगी, वहां हमारे द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाएगी.

**राजकुमार बराठे,**
सहायक खनिज अधिकारी

## बीबीए में मुस्कान ने किया कॉलेज में टॉप



**रेहटी**. विक्रमादित्य कॉलेज के बीबीए अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम में छात्रा मुस्कान दुबे पिता राजकिशोर दुबे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8.45 सीजीपीए के साथ प्रथम स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है. उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों सहित शुभचिंतकों ने बधाई दी हैं. परीक्षा परिणाम में मुस्कान दुबे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परिश्रम और प्रतिभा का परिचय दिया. मुस्कान दुबे अनिरुद्ध दुबे प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनिरुद्ध दुबे की भतीजी हैं. मुस्कान की उल्लेखनीय सफलता की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई. परिवारजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं. मुस्कान की सफलता पर कॉलेज के चेयरमैन आदित्य नारोलिया, प्राचार्य डॉ. दीपिका नारोलिया एवं समस्त प्राध्यापकों ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

## आज लगेगा आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर

नवभारत न्यूज

**सीहोर 1 अगस्त** . अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं आत्रेय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, चाचियावास अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को हनुमान मंदिर नया बस स्टैंड में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा.

महासभा के जिलाध्यक्ष गणेश सिंह चौहान ने बताया कि शिविर में राजस्थान सरकार के पूर्व आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसएन शर्मा द्वारा मरीजों को परामर्श दिया जाएगा. डॉ. महेन्द्र सिंह राठौड़, गणेश सिंह चौहान, धीरेन्द्र सिंह राजावत, जितेन्द्र सिंह राठौड़, गोपाल सिंह ठाकुर, आनंद राजपूत, अजय सिंह पंवार, अजीत सिंदल, देवेन्द्र चौहान, गजराज सिंह ठाकुर, इन्द्रपाल सिंह, कर्णवीर सिंह, एम.एस. चौहान, मुकेश दरबार, नरेन्द्र सिंह चौहान, प्रहलाद सिंह राजपूत, प्रताप सिंह बैस, राजू सिकरवार, रमेश सिंह चौहान, रंजीत सिंह, शैलेन्द्र चंदेल, शिवशंकर सिंह, सुदीप तोमर, सुरेन्द्र सिंह, विजय सिंह तोमर, विनय सिंह चौहान, भूपेन्द्र सिंह भदौरिया, कृष्णपाल सिंह भदौरिया, महेन्द्र सिंह सिसौदिया, नवतेज सिंह, रामजी सिंह परिहार ने नागरिकों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है.

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों का अनुभव अमूल्य धरोहर

- नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया सेवानिवृत्तों का सम्मान
- कर्मचारी संघ ने मनाया नपा अध्यक्ष का जन्मदिन

नवभारत न्यूज

सीहोर 1 अगस्त . वर्षों तक सेवाएं देने वाले तीन कर्मचारियों के सम्मान में शुक्रवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान किया.

नपाध्यक्ष राठौर ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, बल्कि उनकी कार्यशैली, अनुभव और सेवा भावना समाज के लिए हमेशा प्रेरणा बनी रहती है. समारोह में लिपिक करण सिंह, पंप अटेंडर, परम उपाध्याय तथा मांगीलाल शाक्य को विदाई दी गई. संघ के जिलाध्यक्ष संजय शुक्ला ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं. कर्मचारी संघ ने नपाध्यक्ष राठौर का जन्मदिन भी मनाया. कार्यक्रम में भगवान दास राजपूत, विष्णुप्रसाद मीणा, विजय कोहली, चंद्र प्रकाश राठौड़, करण सिंह ठाकुर, विश्वेंद्र सिंह बेस, प्रकाश चंद्रवंशी, प्रकाश पंवार, संजय रघुवंशी, बाबूलाल वर्मा,



कमोद सिंह, अनिल राठौड़, अनिल चौहान, आनंद कुशवाहा, राजदीप सिंह, तुलसीराम परमार, विश्वेंद्र सिंह बेस, जितेन्द्र नाथ, शैलेंद्र चौहान, शादाब जमाली, नेतराम राठौर, दानिश कुरैशी, जीवन दांगी, अनूप सिसोदिया, प्रभात महेश्वरी, गोपाल यादव, संदीप पटेल, विनोद बोयत आदि नपाकर्मी उपस्थित थे.

## इंदौर ने सेमीफाइनल में बनाई अपनी जगह

**सीहोर.** चर्च मैदान पर खेली जा रही मप्र फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में सब जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता में शनिवार को ग्वालियर और इंदौर के मध्य रोमांचक मुकाबला खेला गया. इसमें दोनों ही टीम अंत तक बिना कोई गोल के रही, मैच ड्रा होने से इंदौर की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई. दोनों ही टीम ने शानदार प्रदर्शन किया. सोमवार को सेमीफाइनल दौर शुरू हो जाएगा. इसमें पहला सेमीफाइनल इंदौर-भोपाल के मध्य खेला जाएगा.

# बिजली कटौती से बेहाल आमजन में पनपा आक्रोश




नवभारत न्यूज

**बुधनी 1 अगस्त**. लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है. दिन हो या रात, बिना किसी पूर्व सूचना के बार-बार बिजली गुल होने, लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या से नगरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

उमस भरी गर्मी के बीच घंटों बिजली नहीं रहने से लोगों की रातों की नींद उड़ गई है, वहीं घरेलू कार्य, विद्यार्थियों की पढ़ाई, व्यापार और पेयजल व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है. लोगों का कहना है बिजली की आंख-मिचौली जारी है. बिजली आने-जाने से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के खराब होने का खतरा बना हुआ है. वहीं मोटर पंप बंद रहने के कारण कई क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है. पूर्व में पूरी रात बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा था. नागरिक विद्युत वितरण केंद्र पहुंचे आक्रोश व्यक्त करते हुए शीघ्र व्यवस्था सुधारने की मांग की थी. कनिष्ठ अभियंता एमडी धुर्वे ने बताया कि 33 केवी लाइन में फॉल्ट आने के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है. तकनीकी अमला फॉल्ट को दूर करने में जुटा हुआ है और जल्द ही आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी.

## वेद प्रचार सप्ताह कल से नौ अगस्त तक

**सीहोर.** श्रावणी पर्व के तहत आर्य समाज द्वारा वेद प्रचार सप्ताह का आयोजन 3 से 9 अगस्त तक किया जा रहा है. दिल्ली से वेद विदुषी आचार्या श्रीमती अमृता आर्या वैदिक भजनोपदेशिका आ रही हैं, जो आगामी सात दिवस तक वैदिक ज्ञान की वर्षा भजन एवं उपदेशों द्वारा करेंगी. प्रधान नरेश चन्द्र आर्य, रितेश राठौर, तरूण जगवानी, राजकुमार राठौर, रमेश कुमार राठौर, रमेश चन्द्र राठौर, राजेन्द्र राठौर ने आयोजन में आने की अपील की है.

# घाट पर रखा पूजन सामग्री विसर्जन पात्र

नवभारत न्यूज

**सीहोर 1 अगस्त** . नदियों को पूजन सामग्री के कारण होने वाले प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से सीवन पुत्र टीम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में शनिवार को श्री हनुमान फाटक धाम पर पूजन सामग्री विसर्जन पात्र स्थापित किया गया. यह सीवन पुत्र टीम की ओर से क्षेत्र में स्थापित किया गया दूसरा पूजन सामग्री विसर्जन पात्र है.

स्वर्गीय दीवान चंद महाजन, पूर्व विधायक की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में सिद्धेश्वर समिति अध्यक्ष विपुल चांडक ने एक नन्हीं बालिका के साथ फीता काटकर पूजन सामग्री विसर्जन पात्र का उद्घाटन किया.

कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र, गुजरात एवं दिल्ली से नदी संरक्षण के प्रति समर्पित छात्राएं भी उपस्थित रहीं. छात्राओं ने सीवन पुत्र टीम के अभियान की सराहना करते हुए लोगों से अपील की कि पूजन सामग्री को नदियों में विसर्जित करने के बजाय निर्धारित पूजन सामग्री विसर्जन पात्र में ही डालें. सीवन प्रहरी हेमंत नाथ का स्वागत किया गया. कार्यक्रम में कैलाश चावड़ा, हीरालाल शर्मा, राजकुमार सोनी, हिमांशु नाथ, मुकेश राय, कैलाश चव्हाण, कनीराम मालवीय, प्रदीप चावड़ा, राधेश्याम मकवाना, संतोष मेवाड़ा, योगेंद्र राय, अशोक खत्री, सुरेश भगत, श्याम सिंह, दीपक केवट, भगवती शर्मा, सुधीर सोनी, वैभव राठौर मौजूद थे.

## अब तक औसत 504 .2 मिमी वर्षा दर्ज

**सीहोर.** पिछले 24 घंटो में जिले में औसतन 15.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई. सर्वाधिक 26 मिमी वर्षा आष्टा एवं बुधनी तहसीलों में रिकॉर्ड की गई. इसके अलावा सीहोर में 23.2 मिमी, इछावर में 19 मिमी, रेहटी में 14.6 मिमी, भैरूंदा में 9 मिमी तथा श्यामपुर में 6.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई.एक जून अब तक जिले में औसतन 504.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जबकि गत वर्ष 645.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी.




# जिले की सुरक्षा व्यवस्था को करें सुदृढ़

- पुलिस अधीक्षक ने ली अपराध समीक्षा बैठक
- लंबित मामलों का निराकरण समय पर करने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीहोर 1 अगस्त.** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, गंभीर अपराधों की रोकथाम तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से एसपी सोनाक्षी सक्सेना द्वारा जिले के समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों की बैठक ली गई.जिसमें गंभीर एवं संपत्ति संबंधी अपराधों की समीक्षा कर निर्देश दिए.

बैठक में वर्ष 24, 25 एवं 26 में घटित हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, गृहभेदन एवं चोरी जैसे गंभीर अपराधों की थानावार समीक्षा की गई. उन्होंने संपत्ति संबंधी अपराधों में चोरी गई संपत्ति की बरामदगी का प्रतिशत बढ़ाने और अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. महिला एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के विरुद्ध दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए पॉक्सो एक्ट एवं बलात्कार से संबंधित मामलों में 60 दिवस की समय-सीमा के भीतर विवेचना पूर्ण कर न्यायालय में चालान पेश करने के निर्देश दिए गए. शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, जिला बदर, एनएसए तथा आबकारी, आर्म्स एक्ट, सट्टा, जुआ एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्यवाहियों की समीक्षा कर असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए. सीसीटीएनएस पोर्टल पर चार्जशीट अपलोडिंग, ई-रक्षक ऐप के माध्यम से समंस-वारंट तामीली, ई साक्ष्य, ई विवेचना तथा निदान एवं राष्ट्रीय पोर्टलों की प्रगति की समीक्षा की गई. बैठक में एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे.

पहल | स्वास्थ्य, जागरुकता और स्वावलंबन को बढ़ावा देने का अभियान प्रारंभ

# प्रसाद वितरण करने फूड ग्रेड कागज मंदिरों को वितरित

नवभारत न्यूज

**सीहोर 1 अगस्त.** सिद्धपुर सेवा भारती समिति द्वारा स्वास्थ्य एवं स्वालंबन आयाम के अंतर्गत दो जनहितकारी अभियानों का शुभारंभ किया गया. एक ओर जहां नागरिकों को सुरक्षित प्रसाद वितरण के प्रति जागरूक किया गया, वहीं आर्थिक रूप से कमजोर बहनों एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क मेहंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया.

समिति ने नगर के विभिन्न मंदिरों एवं बस्तियों में जनजागरुकता अभियान चलाया. अभियान के दौरान अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, कमल सिंह ठाकुर, हिंदू सिंह परमार, सुनील भारती, शोभा चांडक, कमलेश राठौर, शुभम राठौर, रीना मालवीय, सविता मालवीय सहित सेवा भारती की शिक्षिकाओं, बच्चों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं, मंदिर प्रबंधन एवं नागरिकों से अपील की कि प्रसाद समाचार पत्रों पर वितरित न करें, क्योंकि उनमें प्रयुक्त स्याही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है.

अभियान के तहत हनुमान फाटक मंदिर सहित नगर के अनेक मंदिरों के पुजारियों से आग्रह किया गया कि भविष्य में प्रसाद केवल स्वच्छ एवं खाद्य-



सुरक्षित कागज पर ही वितरित किया जाए. इस उद्देश्य से समिति द्वारा मंदिरों को सफेद फूड-ग्रेड पेपर उपलब्ध कराए गए. साथ ही कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर नागरिकों को भी सुरक्षित प्रसाद वितरण के प्रति जागरूक किया. समिति के स्वालंबन आयाम के अंतर्गत आर्थिक कमजोर बहनों एवं बालिकाओं के लिए निःशुल्क मेहंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई.